(c) High priority is given to the work of reduction of arrear demands and appropriate administrative and legal measures are taken to realise the same. In bigger cases, dossiers are maintained and the position is reviewed regularly at appropriate levels. Request is periodically made to the concerned appellate authorities for early disposal of cases in which large arrears are locked up. The progress of disposal of appeals before the CIT (Appeals) and the DC (Appeals) is regularly being monitored, laying greater emphasis on disposal of appeals involving high demand as well as old appeals. It is proposed to take coercive measures like attachment of assets and detention in civil jail in cases of tax defaulters, having huge arrears.

लघु उद्योगों के लिए निधियों का आबंटन

2035. **श्री ईश दत्त यादव :**
चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में विशेषकर उत्तरी राज्यों में लघु उद्योगों के विकास के लिए और अधिक धनराशि का आबंटन करने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) चालू पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि निर्धारित की गई है तथा पिछली योजना के आबंटन की तुलना में वर्तमान योजना के आबंटन की धनराशि कितनी अधिक है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के ग्रामीण एवं लघु उद्योग क्षेत्र के लिए आठवीं पंचवर्षीय योजना का परिव्यय सातवीं पंचवर्षीय योजना के 1467.90 करोड़ रु० के परिव्यय की तुलना में 3876.20 करोड़ रु० है । उत्तरी राज्यों के ग्रामीण एवं लघु उद्योग क्षेत्र के लिए आठवीं और सातवीं योजना के परिव्ययों का ब्यौरा निम्न प्रकार है :—

(लाख रु० में)

राज्य	सातवीं योजना	आठवीं योजना
1. हरियाणा	3600	13519
2. हिमाचल प्रदेश	1030	4750
3. जम्मू और कश्मीर	3400	10150
4. पंजाब	3460	11992
5. राजस्थान	4605	17094
6. उत्तर प्रदेश	17150	26120
7. दिल्ली	5160	2700

हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी

2036. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में स्वापक औषधियों, हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी बढ़ गई है ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान पता लगाए गए ऐसे मामलों की वर्ष-वार संख्या क्या है ;

(ग) क्या सरकार इन मदों की तस्करी को रोकने के लिए अपनाये गये उपायों की समीक्षा करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

राज्यों में भारतीय रिजर्व बैंक की शाखाओं की संख्या

2037. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राज्यों में कार्यरत भारतीय रिजर्व बैंक की शाखाओं की संख्या कितनी है तथा इन राज्यों के नाम क्या-क्या हैं ;

(ख) उपरोक्त शाखाओं में से उन शाखाओं के नाम क्या-क्या हैं, जहां करेंसी नोटों को परिवर्तित करने तथा उन्हें नष्ट करने की सुविधा प्रदान की गई है ;

(ग) क्या यह सच है कि कुछ दिन पहले भारतीय रिजर्व बैंक की पटना शाखा में नोटों को नष्ट करने अथवा जलाने में किसी प्रकार की धांधली किये जाने के संबंध में एक शिकायत प्राप्त हुई थी ;

(घ) यदि हां, तो क्या इस संबंध में कोई जांच कराई गई थी ; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि उसे अपनी पटना शाखा में करेंसी नोटों को नष्ट किये जाने/जलाये जाने की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है ।

(घ) और (ङ) प्रश्न के भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता ।